LOSS OF TYPEWRITERS IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS

4832. SHRI HEM BARUA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Ministry of Petroleum and Chemicals lodged a report with the Police Station, Parliament Street regarding the loss of certain typewriters;

(b) whether it is also a fact that these typewriters have been sold to certain traders in Chawari Bazar with the connivance of an Officer of that Ministry;

(c) whether it is further a fact that on the report to the police, certain frashes have been implicated and they have been at the instance of this officer severely beaten; and

(d) if so, the action which Government propose to take in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA (a) Yes, Sir.

(b) to (d). Two cases have been registered by the Delhi Police in connection with the loss of typewriters. The cases are under investigation. Some Class IV servants of the concerned Ministry were associated with the investigation. None of them was beaten.

राजस्थान में एक पाकिस्तानी जासूस की गिरफ्तारी

4833. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 फरवरी, 1968 को दैनिक समाचारपत्र "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित हुए इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि राजस्थान के मुनावाओं क्षेत्र में एक पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या जांच पड़ताल की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमन् ।

(ख) राजस्थान की सरकार से यह पता लगा है कि 20 फरवरी, 1968 को एक पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार किया गया था, तथा पुलिस स्टेशन गिराब जिला बाड़मेर में उसके विरुद्ध विदेशी अधिनियम की धारा 14 के अधीन एक मामला दर्ज किया गया है । इस मामले की जांच हो रही है ।

दिल्ली पुलिस

4834. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री देवेन सेन :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में हाल ही में पुलिस कर्मचारियों द्वारा चलाये गये आन्दोलन के फलस्वरूप पुलिस के क्रमशः कितने कांस्टेबलों, हैड-कांस्टेबलों, सब-इन्स्पेक्टरों और इन्स्पेक्टरों को नौकरी से हटाया गया, निलम्बित किया गया और मुकदमे चलाये गये; और

(ख) पुलिस के कितने कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच की गई थी और कितने कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच अभी लम्बित है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या LT-566/68]

वानस्पतिक उद्यान, लखनऊ

4835. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय वानस्पतिक उद्यान जो वैज्ञानिक तथा औद्योगिक गवेषणा परिषद् के अन्तर्गत आते हैं, के लिये 1967-68 के दौरान 28,00,000 रुपये मंजूर किए थे;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस मंत्रालय ने कलकत्ता के भारतीय वानस्पतिक उद्यान